भ्रष्टाचार

उपयंत्री की चुप्पी पर घिरे सवाल, कमीशनखोरी की चर्चाओं से गरमाया मामला

25 लाख के सामुदायिक भवनों में खेल! स्टीमेट ताक पर, मनमर्जी से निर्माण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जून, जनपद पंचायत मोहखेड़ अंतर्गत 6 ग्राम पंचायतों में 25-25 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। करीब 5 जगह निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं, लेकिन शुरुआत से ही गुणवत्ता और तकनीकी निगरानी को लेकर गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण एजेंसियां स्वीकृत स्टीमेट को ताक पर रखकर अपनी मनमर्जी से काम कर रही हैं और

जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।ग्रामीणों के मुताबिक कई निर्माण स्थलों पर घटिया ईंटों और नदी-नालों की रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भवनों की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत वाले इन भवनों में गुणवत्ता के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। सबसे हैरानी की बात यह है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकांश निर्माण स्थलों पर सूचना फलक तक नहीं लगाए गए हैं। जबकि नियमों के अनुसार योजना की लागत, एजेंसी और कार्य अवधि की पूरी जानकारी सार्वजनिक होना अनिवार्य है। सूचना बोर्ड नहीं होने से ग्रामीण इसे पारदर्शिता छिपाने की कोशिश मान रहे हैं।

निरीक्षण के नाम पर सन्नाटा

प्रशासनिक स्वीकृति में सेक्टर, ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर की तकनीकी टीमों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण का प्रावधान है, लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की गुणवत्ता नहीं जांची। इससे निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की आशंका और गहरा गई है।

उपयंत्री की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

निर्माण कार्यों की तकनीकी जिम्मेदारी संभाल रहे उपयंत्री की कार्यशैली भी अब कटघरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद उपयंत्री की चुप्पी समझ से परे है। क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि कहीं कमीशनखोरी के खेल में अनियमितताओं पर पर्दा तो नहीं डाला जा रहा।अब ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांची जाए और दोषी अधिकारियों व एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि शासन की लाखों की राशि बंदरबांट का शिकार न बने।

बीएमएस ने धनकशा माइंस में की गेट मीटिंग

पेंच-कन्हान क्षेत्र की सभी माइंस में विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

परासिया, 30 जून, भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ मध्यप्रदेश, पेंच-कन्हान विश्वकर्मा भवन परासिया द्वारा जारी बयान के अनुसार 30 जून 2026 को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-12 के गठन में हो रही देरी के विरोध में जन-जागरण अभियान के तहत पेंच क्षेत्र की धनकशा माइंस में गेट मीटिंग आयोजित की गई। इसके साथ ही पेंच-कन्हान क्षेत्र की सभी इकाइयों में केंद्रीय एवं शाखा पदाधिकारियों सहित सैकड़ों श्रमिकों ने नारेबाजी कर विरोध

प्रदर्शन किया।

धनकशा माइंस में आयोजित गेट मीटिंग को पेंच-कन्हान क्षेत्र के अध्यक्ष मोहित नांदेव, महामंत्री निखिलेश राहा, कार्यकारी अध्यक्ष तेजप्रताप शाही तथा संयुक्त महामंत्री आशीष यादव ने संबोधित किया। वक्ताओं ने राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-12 के गठन में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र समझौता लागू करने की मांग की। गेट मीटिंग में एरिया डब्ल्यूआई राजेश मालवीय, जेसीसी सदस्य शैलेन्द्र शर्मा, धनकशा माइंस के शाखाध्यक्ष अंकित एल्डक, शाखा सचिव देवेंद्र पवार सहित शाखा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

झामटा स्कूल में शरद कुमार गडकरी का गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

झामटा, 30 जून, एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, झामटा में शरद कुमार गडकरी के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर संस्था परिवार से अजाबराव पवार, के. पी. देशमुख, श्रीमती कविता ठाकुर तथा श्रीमती भारती साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जगदेव पराड़कर का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। अपने

सेवानिवृत्ति अवसर पर शरद कुमार गडकरी ने समाज एवं विद्यालय के प्रति अपनी सेवा भावना का परिचय देते हुए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। साथ ही रामायण मंडल, झामटा को इलेक्ट्रॉनिक पैड, रामायण महिला मंडल को ढोलक एवं खंजरी तथा विद्यालय की रसोइया को सम्मान स्वरूप साड़ी भेंट की।

पानी को लेकर नगर पालिका ने ली सर्वदलीय बैठक

आगामी समय में नगर में आ सकती है पानी की भीषण समस्या

नवभारत न्यूज

दमुआ, 30 जून, बिजली की भीषण समस्या के कारण नगर पालिका दमुआ में पेयजल संकट आ रहा है इधर नगर के 14 बोर जिनमें 11 दमुआ और 3 नन्दन में संचालित हैं बरसात न होने के कारण जल स्तर काफी नीचे चला गया है साथ ही बिजली की घनघोर कटौती के चलते पानी एकत्रित नहीं हो पा रहा, बार-बार बिजली ट्रिप होने के कारण नगर पालिका में आफत आ गई है।

बीते तीन माह के नगर पालिका की 18 मोटर बिजली ट्रिप होने के कारण जल चुकी है जिससे नपा को कोई 7 लाख की चपत पड़ी है पेयजल के आने वाले खतरे को देखते हुये नगर पालिका के सभा कक्ष में सीएमओ अजय ठाकरे ने सर्वदलीय बैठक ली, सीएमओ अजय ठाकरे ने पानी का दुरूपयोग रोकने एवं घरों तथा सार्वजनिक जगहों पर टोटी लगाने का प्रस्ताव भी लिया गया,साथ ही जल वितरण में परिवर्तन लाते हुये दमुआ क्षेत्र के 12 वार्डो तथा नन्दन क्षेत्र के 6 वार्डो को 2 दिन के अन्तराल में 1.30 घंटे पानी दिया जायेगा तय हुआ, चूंकि नगर के इतिहास में पहली बार बिजली की इतनी कटौती हो रही है लोग परेशान है कई बार दिन भर बिजली गोल रहती है और 10-15 मि. में ट्रिप की जाती है जिसका विपरीत प्रभाव नपा के जल वितरण पर पड़ रहा है अब यदि शीघ्र बिजली सप्लाई में सुधार नहीं हुआ और बरसात नहीं हुई तो नगर वासी निश्चित रूप से पानी के लिये हलाकान होने वाले है,इस अवसर पर नपा अध्यक्ष किरण खातरकर, पूर्व नपा अध्यक्ष सुभाष गुलबाके, सीएमओ अजय ठाकरे, एमबीईबी के जूनियर इंजीनियर समरेश पटेल, उपयंत्री ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नीटू गांधी,राजेन्द्र उइके, भाजपा नेता मोहन पाल, पार्षद वंदना दवण्डे, मोहनलाल भोपा, राजेश नागले, जावेद खान, विशाल सूर्यवंशी, सोहन चौहान, आलोक श्रीवास्तव, संतोष साहू, ज्ञानसिंह ठाकुर, संतोष साहू, मनोज दवण्डे, जय माण्डवार, आदि उपस्थित रहे।

इनका कहना है

हम नगर वासियों से अपील करते हैं कि पानी का दूरूपयोग न करें जहां तक हो पानी बचायें

श्रीमती किरण खातरकर
अध्यक्ष नपा दमुआ

नगर के नलों में टोटी लगाये जाने का प्रस्ताव है हमारा प्रयास है कि सूचारू रूप से जल व्यवस्था चले सभी का सहयोग अपेक्षित है।

अजय ठाकरे
नपा सीएमओ दमुआ

नगर पालिका को नल जल विभाग के लिये एक व्यक्ति नियुक्त करना चाहिये जो पूरी व्यवस्था देखें लिकेज तत्काल बंद कराया जाये कर्मचारियों को पूरा सामान दिया जाये मोटर जलती है तो एक्सट्रा रखी जाये जिससे कुछ सुधार हो सकता है।

सुभाष गुलबाके
पूर्व नपा अध्यक्ष दमुआ

बावड़ी उत्सव के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

नवभारत न्यूज

मोहखेड़ 30 जून, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम राजेगाव की ऐतिहासिक बावड़ी पर विकासखंड स्तरीय समापन कार्यक्रम, बावड़ी उत्सव एवं जल स्रोत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बावड़ी परिसर में श्रमदान से हुई, जहां ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर साफ-सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित जल स्रोत समागम एवं संगोष्ठी में जल संकट, वर्षा जल संचयन और जल संरचनाओं के पुनर्जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विकासखंड समन्वयक भवानी कुमरे के मार्गदर्शन एवं जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम के उपसरपंच चक्रधर घोघरे की विशेष उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते जल संकट के दौर में जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है।

हरकत में आया पीएचई अमला, सेहराढाना पहुंचकर परखी हकीकत

जल संकट से जूझ रहे गांव में अधिकारियों ने लिया जायजा, नए ट्यूबवेल की मांग पर दिया आश्वासन

खबर का असर

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 30 जून, ग्राम पंचायत ग्वारा के अंतर्गत आने वाले सेहराढाना गांव में लगातार गहराते पेयजल संकट को लेकर नवभारत में समाचार प्रकाशित होने के बाद पीएचई विभाग हरकत में आ गया। खबर सामने आते ही विभाग के उपयंत्री पंकज बामने गांव पहुंचे और मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर हालात की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उपयंत्री ने सरपंच सुखदयाल सीलू से चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र में भूजल स्तर तेजी से नीचे खिसकने के कारण अधिकांश ट्यूबवेल प्रभावित हो रहे हैं, जिससे जलापूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने माना कि जलस्तर गिरने की वजह से समस्या जटिल बनी हुई है, लेकिन जहां पाइपलाइन लीकेज या तकनीकी खामियां हैं, वहां विभाग जल्द सुधार कार्य करेगा।

इस दौरान सरपंच ने गांव में लगातार बढ़ती पेयजल समस्या को देखते हुए नए ट्यूबवेल खनन की मांग उठाई। इस पर उपयंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई के लिए चर्चा की जाएगी।उल्लेखनीय है कि सेहराढाना सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों पानी का संकट चरम पर है। हालात ऐसे हैं कि ग्राम पंचायत ग्वारा में ग्रामीणों को किसान हरिप्रसाद परतेती से पानी खरीदकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। यह स्थिति गांव में जल संकट की गंभीरता को साफ तौर पर उजागर कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कोई स्थायी समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहरा सकता है। अब ग्रामीणों की उम्मीदें विभागीय कार्रवाई और प्रशासनिक निर्णयों पर टिकी हुई हैं।

बिछुआ में साइबर सुरक्षा रैली निकालकर आमजन को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 30 जून, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना बिछुआ पुलिस द्वारा मंगलवार को कॉलेज तिराहा एवं बस स्टैंड क्षेत्र में साइबर सुरक्षा रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने राहगीरों, ग्रामीणों एवं आमजन को साइबर ठगी के बढ़ते मामलों से सतर्क रहने की अपील करते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन एवं एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

36 वर्षों की सेवा के बाद कृषि विभाग के एसडीओ डीएस घाघरे सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 30 जून, कृषि विभाग में लगभग 36 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद एसडीओ डीएस घाघरे मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान को याद किया।

श्री घाघरे की पहली पोस्टिंग 26 मई 1990 को सिवनी जिले के केवलारी में कृषि विकास अधिकारी के रूप में हुई थी। अपने सेवाकाल की शुरुआत से ही उन्होंने किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1999 में उनका तबादला केवलारी से मोहखेड़ विकासखंड में हुआ, जहां उन्होंने लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं।इसके बाद 31 दिसंबर 2010 को पदोन्नति पाकर वे एसडीओ बने और परासिया, तामिया सहित देलाखारी फार्म में फार्म मैनेजर का दायित्व संभाला। अपनी कार्यकुशलता और अनुभव के दम पर उन्होंने हर पद पर विभाग को नई दिशा देने का काम किया। बाद में 8 अगस्त 2012 को उनका पुनः तबादला मोहखेड़ में हुआ, जहां से उन्होंने अपने सेवाकाल की अंतिम पारी पूरी की। मंगलवार 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

श्री बालाजी पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जून, छिंदवाड़ा के प्रतिष्ठित बालाजी पब्लिक स्कूल की एक नवीन शाखा श्री बालाजी पब्लिक स्कूल, सिंगोड़ी का जिले के सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के अग्रणी स्कूल में विद्यालय का नाम लिया तथा विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली के साथ साथ छात्र छात्राओं के विकास के लिए किए जा रहे विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने विद्यालय द्वारा इस क्षेत्र में दी रही शिक्षा, खेलकूद व अन्य उपयोगी गतिविधियों तथा सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ललिता वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जिला मंत्री शैलेन्द्र पटेल, पूर्व जिला महामंत्री राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित गुप्ता, युवा नेता गोपाल यदुवंशी, दीपक साहू, कैलाश साहू, विजय चंद्रवंशी एवं अधिकांश संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन की पानी की टंकी का हो रहा रिसाव, शिकायत के बाद भी सुधार नहीं

ठेकेदार की लापरवाही के कारण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे छिंदा गांव के ग्रामीण

नवभारत न्यूज

धनोरा (जागीर), 30 जून, जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक साफ और सुरक्षित पीने का पानी पहुंचाना है। इस मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2019 को की गई थी।

यह योजना केवल बुनियादी ढांचा तैयार करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी एक क्रांतिकारी पहल है। लेकिन जनपद पंचायत हर्रई अंतर्गत ग्राम पंचायत भालपानी के ग्राम छिंदा में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की

टंकी भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। ठेकेदार की कथित घोर लापरवाही के कारण नवनिर्मित पानी की टंकी से लगातार भारी रिसाव (सीपेज) हो रहा है, जिससे टंकी में पानी रुक ही नहीं पा रहा है। इस वजह से पूरे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है और ग्रामीण बूंद-बूंद शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत भालपानी के सरपंच अंतलाल परतेती के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर महोदय के नाम व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मंगलवार जनसुनवाई छिंदवाड़ा में आवेदन सौंपकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिला कलेक्टर व जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम छिंदा में नल-जल योजना के अंतर्गत इस पानी की टंकी का निर्माण कार्य विगत.3.4 वर्ष से चल रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि परासिया निवासी ठेकेदार राम मालवी द्वारा निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जैसे ही इसमें पानी भरा गया, टंकी से सीपेज शुरू हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी में तकनीकी खराबी और पानी न रुकने की समस्या को लेकर उन्होंने कई बार ठेकेदार को मौखिक रूप से अवगत कराया और इसे ठीक करने को कहा इसके बावजूद ठेकेदार ने आज दिनांक तक न तो टंकी के सीपेज को दुरुस्त कराया और न ही घर-घर तक पेयजल की सुचारू सप्लाई शुरू की ग्रामिणों की मौखिक शिकायतों को ठेकेदार ने नजरअंदाज किया है।

सेफ क्लिक अभियान के तहत खमारपानी में साइबर जागरूकता रैली, किया जागरूक

नवभारत न्यूज

खमारपानी, 30 जून, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत चौकी खमारपानी द्वारा मंगलवार को साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जागरूकता रैली एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चौकी खमारपानी से हुआ। रैली शिवाजी चौक होते हुए बाजार चौक तक निकाली गई, जिसमें चौकी स्टाफ, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य एवं ग्राम कोटवार शामिल रहे। रैली के दौरान आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल पुलिस एवं संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए तथा उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 30 से 35 लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह, आरक्षक क्रमांक 639 धीरज, चौकी स्टाफ, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य एवं ग्राम कोटवार उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर लोगों को ठगी से सुरक्षित रखना है।

चेतावनी

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने हड़ताल की दी चेतावनी

आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन महिने से नहीं मिला वेतन, घर चलाना मुश्किल

नवभारत न्यूज

परासिया, 30 जून, स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन महिने से वेतन नहीं मिला है। वेतन के बिना अब घर चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने मंगलवार को बारह बजे बीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंगलवार शाम तक का अल्टीमेटम वेतन के लिए दिया गया। बुधवार से कर्मचारी हडताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों के हडताल पर जाने से पूरी व्यवस्था ठप हो जाएगी।

सफाई कर्मचारी, मल्टी टास्क स्किल्ड वर्कर, गार्ड सभी हडताल पर चले जाएंगे। जिससे अस्पताल

की सफाई, सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। वार्ड बाय, कंपाउंडर नहीं है। उनके काम भी यही करते है। इंमरजेंसी में घायलों के उपचार, टांके लगाने और घायलों की देखभाल पूरी व्यवस्था ठप हो जाएगी। लेबर रूम में भी दिक्कते आएंगी। गौरतलब है कि इससे पहले कर्मचारी एक दिन की हडताल कर चुके है। तब इन्हें एक सप्ताह का आश्वासन दिया गया था। लेकिन इस अवधि के बीतने के बाद भी वेतन नहीं मिलां

मंगलवार को बारह बजे सभी एकत्रित हुए और बीएमओ डा अंकित सहलाम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वेतन देने की मांग कर हडताल की सूचना दी गई। कर्मचारी संदीप गायकवाड ने कहा कि तीन महिने से वेतन नहीं मिला है। अब तक सिर्फ आश्वासन मिला है। अब घर चलाना मुश्किल हो गया है। वेतन तत्काल दिया जाना चाहिए। माया पथरेला ने कहा कि तीन महिने से वेतन नहीं मिलने से मुश्किले खडी हो गई है। पूरा वेतन एक साथ दिया जाना चाहिए। एमटीएस कर्मचारी निकाहतु ने कहा कि स्कूल खुल गए है। बच्चों को सामाना दिलाना है। अब बहुत दिक्कते हो रही है। बीएमओ ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों से उच्चाधिकारियों को अवगत करा रहे है।

ढाबों पर सज रही अवैध शराब की महफिल

आबकारी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जून, उमरानाला एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों अवैध शराब कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी क्षेत्रों तक संचालित कई ढाबों पर खुलेआम शराब परोसने और बेचने का सिलसिला जारी है। इस पूरे मामले में आबकारी विभाग और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार विभागों की उदासीनता के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

क्षेत्र के नागपुर-छिंदवाड़ा हाईवे रोड,सिवनी बायपास, बीसापुरकला रोड और अन्य प्रमुख मार्गों पर स्थित कुछ ढाबों में शाम ढलते ही शराबखोरी का दौर शुरू हो जाता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कई स्थानों पर बिना लाइसेंस शराब बेची जा रही है और ग्राहकों को वहीं बैठाकर पीने की सुविधा भी दी जा रही है। देर रात तक इन ढाबों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है,जिससे आसपास का माहौल बिगड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन ढाबों पर शराब के नशे में आए दिन विवाद, हंगामा और अशांति की स्थिति बनती रहती है। खासकर मुख्य मार्गों से गुजरने वाली महिलाओं, युवतियों और आम राहगीरों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कई बार नशे में धुत लोग अभद्रता और हुड़दंग करते दिखाई देते हैं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है।लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग को इस पूरे खेल की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग की निष्क्रियता से यह अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं पुलिस द्वारा कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई जरूर की जाती है, लेकिन इससे अवैध शराब कारोबार पर कोई स्थायी रोक नहीं लग पा रही है।

-: न्यायालय तहसीलदार छिंदवाड़ा :-

// ईश्तहार //

रा0प्र0क्रं0 /अ-19(3)/2026-2027

मौजा:- इमलीखेड़ा प0ह0नं0 16

चूंकि आवेदक आयुक्त, नगर पालिका निगम छिन्दवाड़ा तह0 व जिला छिन्दवाडा द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर मौजा इमलीखेडा तहव छिन्दवाडा नगर जिला छिन्दवाडा स्थित शासकीय भूमि ख0 नं0 65/1 रकबा 8.766 हे0 में से रकबा 0.739 हे0 भूमि हॉकर्स जोन निर्माण हेतु हस्तांतरित किये जाने का अनुरोध किया है जिसकी जांच हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा प्राप्त हुआ है ।

एतद् द्वारा उक्त सम्पत्ति पर हित रखने अथवा दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को इस इस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त आवेदन पर उन्हे कोई आपत्ति हो या दावा हो तो स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14.07.2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत् तिथि तथा स्थान पर उपस्थित नही हो पाने की अथवा दावा आपत्ति प्रस्तुत नही कर पाने दशा में अथवा पश्चात में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

पदमुद्रा

तहसीलदार
छिंदवाड़ा नगर